प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्व मधुमक्खी दिवस पर मूल्यवर्धित मधुमक्खी उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन

पन्तनगर। 20 मई 2023। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के कृषि स्नातक अन्तिम वर्ष के ई.एल.पी. के व्यवसायिक मधुमक्खी पालन के विद्यार्थियों द्वारा विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय मे पहली बार विद्यार्थियों द्वारा डा. पूनम श्रीवास्तव, प्राध्यापक कीट विज्ञान विभाग के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के मूल्यवर्धित मधुमक्खी उत्पादों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, विशिष्ठ अतिथि राजू कपूर, निदेशक, एफ.एम.सी. इण्डिया प्रा.लि., निदेशक शोध, डा. ए.एस. नैन, निदेशक संचार, डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा विभिन्न प्रकार के मधुमक्खी के मूल्यवर्धित उत्पादों का अवलोकन कर विद्यार्थियो के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों के उत्पादों को क्रय कर उनको प्रोत्साहित किया गया तथा भविष्य में मधुमक्खी मूल्यवर्धित उत्पादों को व्यवसायिक रूप में स्थापित कर मधुउद्यमी बनने हेतु प्ररित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मुख्य मूल्यवर्धित उत्पादों में हनी फेस मिश्ट, हनी मिंट लेमनेड, बीवेक्स लिप वाम, हनी कॉफसिल्स, रागी हनी बाल्स, हनी पॉपस्लाइस, हनी पीनट बाल्स, मधु आम पन्ना, मोम प्ररपोलिश के सुंदर आभूषण, हनी पानकार्न, हनी प्रोटीन बाल्स, सुगंधित हनी आदि थे। सभी मूल्यवर्धित उत्पाद गुणवत्ता एवं स्वादिष्टता में अद्भुत पाये गये। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.के. कश्यप ने विद्यार्थियों के मधुमक्खी के उत्कृष्ट मूल्यवर्धित उत्पादों के लिए उन्हे बधाई और शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर मधुमक्खी के मूल्यवर्धित उत्पादों का आनंद लिया और ई.एल.पी. के व्यवसायिक मधुमक्खी पालन के विद्यार्थियों और उनकी प्राध्यापक डा. श्रीवास्तव की प्रशंसा की और बधाई दी।

मूल्यवर्धित मधुमक्खी उत्पादों की प्रदर्शनी में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।